# दशहरे से पहले मिल सकता है बड़ा तोहफा

- प्रदेश कार्यकारिणी भी हो सकती है गठित
- सीएम के कार्यकाल पूरा होने से पहले फेरबदल भी संभव
- राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रवैये ने बढ़ाई सरकार की चिंता

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 20 सितंबर. शनिवार को सीएम निवास में सरकार और भाजपा संगठन के बीच समन्वय के लिये उच्च स्तरीय बैठक हुई.**

बैठक में सरकार की ओर से अगुवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की. उनका साथ प्रदेश के दोनों ही उप मुख्यमंत्रियों के अलावा तीन कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और राकेश सिंह ने दिया. वहीं संगठन की ओर से अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने किया. उनका साथ राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश , संगठन महामंत्री हितानंद ने दिया. इस हाईलेवल बैठक में सरकार और संगठन के कामकाज पर दो घंटे से भी अधिम समय तक चर्चा हुई. बताया जा रहा है कि इस बैठक के बाद सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों का रास्ता काफी हद तक साफ हो गया है. प्रदेश में दशहरे से पहले निगम, मंडल, प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को नियुक्तियों का तोहफा मिल सकता है. इसी अवधि में ही नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की भी नियुक्ति की जा सकती है. ये प्रदेश के जमीनी कार्यकर्ताओं को साधने और उनके कामों को सम्मान देने की बड़ी मुहिम होगी. बताया जा रहा हे कि ऐल्डरमैनों की नियुक्तियों के लिये नामों का चयन करने के निर्देश भी दे दिये गये हैं. एल्डरमैनों के अलावा प्रदेश में 50 से अधिक भाजपा के दिग्गजों को निगम, मंडल और प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रूतबा दिया जाएगा. ये सिलसिला दिसंबर तक चलने की संभावना है, जिसमें 100 से अधिक लोगों को उपकृत किया जा सकता है. निगम, मंडलों में ऐसे कद्दावर नेताओं को भी उपकृत किया जाएगा, जो कि पिछला विधानसभा चुनाव हार गये थे.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 दिसंबर को दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लेंगे. ऐसे में अब सरकार रोडमैप पर तेजी से अमल करने पर फोकस करेगी. बताया जा रहा है कि बैठक में प्रदेश के रोडमैप को लेकर भी चर्चा हुई.

### ये घटनाक्रम भी बैठक की बड़ी वजह

- **8 सितंबर :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की.
- **19 सितंबर :** मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्र गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की.
- **19 सितंबर :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अचानक राजभवन पहुंचे जहां उन्होंने राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की.
- **19 सितंबर :** मप्र शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव देर शाम भोपाल में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मिलने उनके भोपाल स्थित आवास पर पहुंचे.
- **19 सितंबर :** अचानक शाम में यह सूचना मिली भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश भोपाल पहुंच रहे हैं बड़ी बैठक करेंगे.
- **20 सितंबर :** सुबह 10 .30 बजे अचानक सभी बड़े नेता सीएम हाउस पहुंचना शुरू करीब 12 बजे एक तस्वीर आई जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री 3 कैबिनेट मंत्री और दो डिप्टी सीएम नजर आए. केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान भी अचानक भोपाल पहुंचे हैं.

### सिंधिया और तोमर के बीच पेंचअप कराने की जिम्मेदारी सीएम की



**ग्वालियर.** चंबल क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के बीच शीतयुद्ध की स्थिति बनी हुई है. इसी बात को लेकर पिछले दिनों सीएम डॉ. यादव ने तोमर से मुलाकात की थी. बताया जा रहा है कि बैठक में इसे लेकर भी चर्चा हुई और सीएम को इस मामले में पेंचअप कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इधर बीते दिनों मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है.

### मंत्रिमंडल में फेरबदल भी होना तय

प्रदेश के मंत्रिमंडल में फेरबदल होने की भी अब संभावना जताई जा रही है. बताया जा रहा है कि इसे लेकर भी बैठक में प्रारंभिक स्तर की चर्चा हुई है. ये इसलिये भी कि जो रिपोर्ट तैयार की गई है, उसमें सरकार के कई राज्य मंत्री जिनको स्वतंत्र प्रभार दिया गया है, वे उतनी सक्रियता नहीं दिखा रहे हैं. उनके क्रियाकलाप रस्मी ज्यादा दिख रहे हैं. बताया जा रहा है कि इस मामले में शिवप्रकाश ने जब बातें रखीं तो मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कतिपय मंत्रियों के दिलचस्पी नहीं लेने की बात कही.

## सत्ता के गलियारों से



कन्हैया लोधी

### बड़बोले मंत्री को नहीं मिली तवज्जो

पिछले दिनों पीएम मोदी धार जिले में थे. पीएम के कार्यक्रम में मंच पर चुनिंदा नेताओं को पहुंचने का मौका मिला. पीएम के कार्यक्रम में एक बड़े विभाग से जुड़ा एक कार्यक्रम था. यदि विभाग का कार्यक्रम था तो स्वाभाविक रूप से विभागीय मंत्री को कार्यक्रम में बुलाया जाना था, लेकिन बताया जा रहा है कि मंत्री की राह में उनका बड़बोलापन आड़े आ गया. बड़बोलेपन के कारण उन्होंने सरकार और संगठन दोनों को ही परेशानी में डाल दिया था. मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा. उनसे जुड़ा विवाद अभी पूरी तरह सुलझा नहीं है. ऐसे में सरकार ने उनको इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से दूर ही रखा. जिससे कि फिर कोई नया विवाद पैदा न हो जाये.

#### विधायक की अंगूठी चर्चा में

प्रदेश के एक विधायक की अंगूठी इन दिनों चर्चा में है. पिछले दिनों सरकार एक जिले के दौरे पर थे, वहां स्वागत, सत्कार का क्रम चल रहा था. अचानक विधायक जी ने जेब से अंगुठी निकाली और भरी सभा में सरकार को पहनाने लगे. सरकार ने इसे पहना भी, लेकिन तत्काल ही उसे निकालकर विधायक को वापस भी कर दिया. इस दौरान सरकार ने विधायक जी की विनयशीलता का उसी शैली में सम्मान किया और साथ में दुलार भी दिया. अब ये अंगुठी आने वाले दिनों में विधायक जी के लिये कितना फायदेमंद साबित होगी, ये आने वाले दिनों में ही पता चल सकेगा.

#### समय बड़ा बलवान

प्रदेश के बड़े नेताजी इस समय एक अलग ही संकट से जूझ रहे हैं. उन्हें अहसास होने लगा है कि समय बड़ा बलवान होता है. कुछ समय पहले तक जब वे पॉवर में थे, कार्यकर्ताओं का हुजूम लगा रहता था, एक बुलाओ तो दस हाजिर और दस बुलाओ तो सौ. लेकिन पॉवर और पद हटते ही अब स्थिति बदल गई है. अब बुलाने पर भी उतने कार्यकर्ता नहीं पहुंच रहे हैं, जितना वे उम्मीद संजोते हैं. पॉवर के दौरान जिनको उन्होंने उपकृत किया, अब वे भी नजरें फेरने लगे हैं. नेताजी को अब अहसास होने लगा है कि यहां व्यक्ति नहीं पद की महिमा है. जब तक पद है, तब तक ही पॉवर है.

#### ...और मंत्रीजी ने बचा लिया टाइम

पिछले दिनों राजधानी में अपनी मांगों को लेकर बच्चों का भविष्य संवारने वाले कर्मियों ने प्रदर्शन किया. उनका दर्द ये था कि सरकार की नीतियों से उनका भविष्य अंधकार में है. ऐसे में सरकार और संगठन के बीच चर्चा के बाद सुलह की स्थिति बनी. कर्मी चाहते थे कि मंत्रीजी आंदोलन स्थल पर आकर उनका प्रदर्शन समाप्त करायें, लेकिन मंत्रीजी ने मंत्रालय से ही टेलीफोन से संबोधन और आश्वासन देकर इतिश्री कर ली. बाद में उन्होंने राहत की सांस ली. उन्हें तसल्ली भी थी कि उनका कीमती समय बच गया.

## एक नजर में

### पुलिस उपायुक्त इंदौर को हटाया, एसीपी सस्पेंड

**भोपाल.** इंदौर में ट्रक हादसे में तीन लोगों की मौत और कई के घायल होने की घटना के बाद इंदौर में पदस्थ पुलिस अफसरों को हटाने और निलंबित करने का क्रम जारी है. गृह विभाग ने अरविंद तिवारी पुलिस उपायुक्त यातायात नगरीय पुलिस इंदौर को हटा दिया है. उन्हें सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया गया है. वहीं राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी सुदेश कुमार सिंह सहायक पुलिस आयुक्त जोन-1 यातायात इंदौर को निलंबित कर दिया गया है. उन्हे निलंबन अवधि में पीएचक्यू भोपाल अटैच किया गया है. गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं. आदेश में कहा गया गया है कि 15 सितंबर शाम को सुपर कॉरिडोर, ऐरोड्रम रोड क्षेत्र के तहत एक ट्रक चालक द्वारा नशे की हालत में व्यस्त मार्ग पर नो एंट्री में लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए दुर्घटना कारित की गई. जिससे तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई और कई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर उपचाररत है. घटना के संबंध में ट्रक चालक के विरुद्ध थाना एरोड्रम में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है.

### हुकुमचंद जंगल बचाने की मुहिम तेज

इंदौर. रीगल चौराहे पर आज शाम पर्यावरण प्रेमियों, छात्रों और संगठनों ने हुकुमचंद मिल परिसर में प्रस्तावित पेड़ कटाई के विरोध में विशाल मानव श्रृंखला बनाई। गांधी प्रतिमा के पास इंदौर के फेफड़े बचाओ - हुकुमचंद जंगल बचाओ जैसे नारों के साथ नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. 42 एकड़ में फैला हुकुमचंद जंगल पिछले 40 वर्षों में प्राकृतिक रूप से विकसित हुआ है, जिसमें हजारों पेड़-पौधे और पक्षी निवास करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेताया कि पेड़ों की कटाई से शहर के पर्यावरण, तापमान और भूजल स्तर पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने विकास के नाम पर विनाश का विरोध करते हुए प्रशासन से वैकल्पिक योजनाएं बनाने की मांग की।

## भाजपा कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर जोर



**भोपाल, 20 सितम्बर. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक सी.पी. जोशी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी ही आत्मनिर्भर भारत का मूलमंत्र है.**

शिवप्रकाश ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि इसमें देशभक्ति और आत्मसम्मान भी निहित है. आजादी के आंदोलन से लेकर आज तक स्वदेशी का स्वरूप बदला है और आज के संदर्भों में इसकी नई परिभाषा तय करनी होगी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वदेशी के मंत्र पर चलते हुए रक्षा, अंतरिक्ष, तकनीक और कृषि सहित अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है. प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाया जाए.



## भोपाल समेत 22 जिलों में लगातार बारिश

**भोपाल 20 सितंबर. सितंबर के तीसरे सप्ताह में प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है. राजधानी में शनिवार को दिनभर बादल छाए रहे. इसी के साथ शाम के समय हल्की-फुल्की बूंदाबांदी हुई.**

इसी के साथ इंदौर समेत प्रदेश के 22 जिलों में बारिश हुई. नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 1 इंच, नरसिंहपुर, शिवपुरी-खरगोन में आधा इंच पानी गिरा. भोपाल, शाजापुर, आगर-मालवा, सीहोर, देवास, राजगढ़, विदिशा, धार, इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, रीवा, बालाघाट, बड़वानी, मऊगंज, गुना, डिंडौरी में भी बारिश हुई. मंडीदीप क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ गया है. गुराड़िया पुल पर पानी भर जाने से करीब 12 गांवों का संपर्क नगर से टूट गया है. शाम 3 बजे के बाद गुराड़िया पुल पर अचानक पानी भरने लगा. इससे सुखी कुमडी, बसी कुमडी, हीरापुर, बरखेड़ा सेतु, तूमड़ा खेड़ा, नसखेड़ा, बखरिया, जोहारिया समेत अन्य गांवों का शहर से संपर्क टूट गया.

मौसम प्रणालियों के प्रभाव से नमी आ रही है, जिससे प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश हो रही है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार वर्तमान में उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है. दक्षिणी मराठवाड़ा पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है. पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश तक बनी हुई है, जो बिहार, पश्चिम बंगाल से होकर जा रही है.

#### सामान्य से 7 .5 इंच ज्यादा बारिश

प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 43 .5 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से 7 .5 इंच ज्यादा है। गुना में सबसे ज्यादा 65 इंच, जबकि खरगोन में सबसे कम 26 .2 इंच बारिश हुई है। इधर, कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि आखिरी सप्ताह में पूरे प्रदेश में तेज बारिश का एक और दौर शुरू हो सकता है।

## कांग्रेस नेताओं ने किया शिष्टाचार भेंट

### इस मुलाकात में पार्टी की एकजुटता की झलक देखने को मिली

विशेष संवाददाता

**भोपाल,20 सितम्बर. कांग्रेस विधायक अजय सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस समिति के उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह चौहान और पर्यटन विभाग के पूर्व अध्यक्ष सैयद साजिद अली ने कांग्रेस प्रवक्ता शेरयार खान के निवास पर शिष्टाचार भेंट की.**

इस मुलाकात में पार्टी की एकजुटता और आपसी सौहार्द की झलक देखने को मिली. नेताओं ने संगठनात्मक विषयों और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया.

बैठक को आपसी सम्मान और सहयोग का प्रतीक माना गया, जिसने कांग्रेस पार्टी के जनसंपर्क और सेवा भाव को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया.



### दिव्यांग की मदद करने वाले टीआई को डीजीपी ने किया पुरस्कृत

**धार.** ग्राम भैंसोला में 17 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति हाथों के सहारे पंडाल से बाहर जाने की कोशिश कर रहा था। तभी धामनोद थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे ने उसकी परेशानी देखी और बिना देर किए उसे गोद में उठाकर वाहन तक पहुंचाया. इस मानवीय पहल की जानकारी प्रदेश पुलिस प्रमुख डीजीपी मकवाना को लगी। उन्होंने टीआई की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए उन्हें अपने पास से पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया. दिव्यांग की मदद के साथ ही मददगार को प्रोत्साहन देने संवेदनशील चेहरे को उजागर करती है।

## कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ हल्लाबोला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 20 सितम्बर. राजगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली और किसान खेत न्याय यात्रा का भव्य आयोजन किया गया. इस रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर राज्य सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की.**

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. वहीं पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी हनी बघेल, विधायक हरिबाबू राय, भैरों सिंह 'बापू', जिला सहप्रभारी आनंद प्रताप सिंह, पूर्व विधायक हेमराज कालपोनि, रामचंद्र डांगी, बापू सिंह तंवर और जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया भी मंच पर उपस्थित थे. सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता अब वोट चोर सरकार को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है. उन्होंने किसानों की बदहाली, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और आमजन की बढ़ती कठिनाइयों को उजागर करते हुए बदलाव की जरूरत पर जोर दिया. नेताओं ने कहा कि न्याय यात्रा जनता के संघर्ष और न्याय की पुकार का प्रतीक है, जो आगामी राजनीतिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी.



### एमपी से ओडिशा, राजस्थान जाएंगे 10 टाइगर

**भोपाल.** मध्य प्रदेश ने ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को करीब 10 टाइगर भेजने की तैयारी तेज कर दी है। बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से नर-मादा जोड़ी सहित टाइगर चुने जाएंगे, ताकि इन राज्यों में संख्या बढ़ने के साथ जीन पूल भी मजबूत हो सके. नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की मंजूरी के बाद ट्रांसलोकेशन प्रक्रिया शुरू होगी. खर्च संबंधित राज्य ही वहन करेंगे। यह पहली बार है जब एमपी बड़े पैमाने पर टाइगर बाहर भेजेगा। वर्तमान में यहां 785 टाइगर हैं।

**सभा** | पूर्व सांसद के पिता की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पहुंचे सीएम, कांग्रेस पर साधा निशाना

## रामजी का धाम तो बन गया अब कृष्ण जी का बाकी



**अशोकनगर, 20 सितम्बर. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में भगवान रामजी का धाम तो बन गया, लेकिन मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का धाम बनना बाकी है यह बात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जिले के ग्राम रूसल्ला में पूर्व सांसद डॉ. केपी के पिता स्वर्गीय रघुवीर सिंह यादव की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान कहीं.**

तो वहीं उन्होंने कांग्रेस के नेताओं को बिना नाम लिये घेरा और जमकर अपनी जुबानी तीर चलाए. इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासन करने वालों में दम होना चाहिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू कराने का, राम मंदिर का फैसला आते ही प्रभु श्रीराम मंदिर बना, देशभर में उत्सव मनाया गया, लेकिन कहीं कोई पता नहीं खड़का. तो वहीं कांग्रेस के शासन काल में भगवान राम का जोर से नारा लगाने पर दंगा हो जाता था.

#### मुख्यमंत्री की मानवीय संवेदना, संस्कृति वर्मा को एयरलिफ्ट कर इंदौर से मुंबई भेजा

**भोपाल.** मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता और मानवीय सरोकार का परिचय देते हुए इंदौर की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 17 वर्षीय संस्कृति वर्मा के उपचार की पूरी जिम्मेदारी ली है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर शनिवार को उच्च स्तरीय उपचार के लिये संस्कृति वर्मा को एयरलिफ्ट कर मुंबई के बॉम्बे हॉस्पिटल भेजा गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में उनका विशेष उपचार किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ .यादव के निर्देश मिलते ही कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में संस्कृति वर्मा को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से मुम्बई भेजने की समुचित व्यवस्था की गयी.

अशोकनगर जिले के ग्राम रूसल्ला पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव का पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा फूलमालाओ से स्वागत किया गया. इस दौरान हैलीपेड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सीएम खुली जिप्सी में लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुए चले. रोड़ शो के दौरान जहां आधा सैंकड़ा जेसीबी मशीनों से मुख्यमंत्री पर फूल वर्षाएं गए, तो वहीं दो कैंनों की मद्द से सीएम को फूलों की एक बड़ी माला पहनाई, तो वहीं रास्ते भर मुख्यमंत्री का पार्टी कार्य कर्ताओ और आम नागिरकों द्वारा फूल वर्षाकर स्वागत किया गया.

## आदिवासियों के नाम पर 1 करोड़ का फर्जी लोन घोटाला उजागर

**बैतूल, 20 सितम्बर. मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में आदिवासी युवकों के नाम पर लगभग 1 करोड़ रुपए का फर्जी लोन लेने का मामला सामने आया है. खुलासा तब हुआ जब विभिन्न बैंकों से अचानक युवकों के घरों पर वसूली नोटिस पहुंचे. नोटिस देखकर पीड़ित स्तब्ध रह गए.**

कोदारोटी निवासी प्रेम नारायण पर दर्जनों आदिवासी युवक-युवतियों ने आरोप लगाया है कि उसने शासन की योजनाओं का हवाला देकर भरोसा दिलाया कि यह लोन चुकाना नहीं पड़ेगा. आरोप है कि युवकों से कागजात लेकर उनके नाम पर लोन स्वीकृत कराए गए और डीजे, साउंड सिस्टम व मशीनों के फर्जी कोटेशन लगाकर करोड़ों की राशि निकाल ली गई. कुछ महीनों तक किस्तें जमा करने के बाद किस्तें बंद कर दी गईं. पीड़ितों में संजय वाड़िया, दीपक सलामे, सुनील सलामे, दिनेशा टुडके, चंदन इवने, विजय वाडिवा, जयंती बघड़े, मंगल इवने, कैलाश भुसुमकर, सुरेश वाडिया समेत 18 युवक-युवतियां शामिल हैं.

उनका कहना है कि उन्हें कोई राशि नहीं मिली, लेकिन अब बैंक वसूली का दबाव बना रहे हैं. वही पीड़ितों ने कलेक्टर और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है. ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी रकम बिना बैंक अधिकारियों की मिलीभगत के संभव नहीं है. एएसपी कमला जोशी ने बताया कि शिकायत मिली है और बैंकों से जानकारी जुटाई जा रही है.